

# करेंट अफेयर्स उत्तराखंड

## फरवरी 2022

(संग्रह)

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

# अनुक्रम


**उत्तराखंड** **3**

- हेमकुंड साहिब रोपवे 3
- राष्ट्रीय शीतकालीन स्कीइंग खेल प्रतियोगिता 3
- चारधाम परियोजना 4
- रवि चोपड़ा समिति 4
- नैनीताल बैंक ने किया नवीनतम बैंकिंग फिनेकल सीबीएस प्लेटफार्म का शुभारंभ 5
- इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में अवीक टिक्कू को गोल्ड मेडल 5
- नैनीताल चिड़ियाघर में बनाया गया इंटरप्रिटेशन सेंटर 5
- आयुष्मान योजना 6
- 10वाँ गंगा क्याक महोत्सव 2022 6
- इंडिया ट्रैवल मार्ट में उत्तराखंड अव्वल 7
- एक प्रदेश, एक संपत्ति कर निर्धारण प्रणाली 7
- हरिद्वार में पंचायत चुनाव पर वैधानिक संकट 7
- हरिद्वार में गंगा नदी पर बनेगा उत्तराखंड का सबसे लंबा पुल 8
- वसंतोत्सव, 2022 8


**नोट :**

दृष्टि The Vision

# उत्तराखंड

## हेमकुंड साहिब रोपवे

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के एक अधिकारी ने बताया कि हेमकुंड साहिब तक रोपवे का भू सर्वेक्षण कार्य पूरा होने के साथ ही रोपवे की डिजाइन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा वर्तमान में बेहद कठिन और तकलीफदेय है, क्योंकि तीर्थयात्री गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 19 किमी. की पैदल दूरी तयकर पहुँचते हैं। ऐसे में रोपवे के निर्माण से हेमकुंड साहिब तक की यात्रा अत्यधिक सुगम हो जाएगी।
- इसी संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा हेमकुंड साहिब तक की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 764 करोड़ रुपए की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.6 किमी. तक रोपवे का निर्माण किया जाएगा।
- हेमकुंड साहिब रोपवे के निर्माण से फूलों की घाटी तक पहुँच भी आसान हो जाएगी, क्योंकि हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी तक जाने के लिये गोविंदघाट से घांघरिया (13 किमी.) तक एक ही ट्रैक है। घांघरिया से एक रास्ता हेमकुंड साहिब और दूसरा रास्ता फूलों की घाटी के लिये निकलता है।
- उल्लेखनीय है कि हेमकुंट साहिब चमोली जिला, उत्तराखंड में स्थित सिखों का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। यहाँ गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब सुशोभित है। इस स्थान का उल्लेख गुरु गोबिंद सिंह द्वारा रचित दसम ग्रंथ में आता है।

---

## राष्ट्रीय शीतकालीन स्कीइंग खेल प्रतियोगिता

### चर्चा में क्यों ?

- 7 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड के मुख्य सचिव एसएस संधू ने चमोली ज़िले के जोशीमठ में स्थित प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थली औली में तीनदिवसीय राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों (राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप) का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 9 फरवरी तक चली।

### प्रमुख बिंदु

- पर्यटन विभाग, गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन), ज़िला प्रशासन, आईटीबीपी, स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित की जा रही इस खेल प्रतियोगिता में उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर समेत 17 राज्यों के 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- पहले दिन उत्तराखंड, सेना, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर ने गोल्ड मेडल जीते। पहले दिन पुरुष और महिला वर्ग की चार प्रतियोगिताएँ हुई, जिनमें उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और बिहार के खिलाड़ी शामिल थे।
- प्रतियोगिता के शुभारंभ पर अल्पाइन स्कीइंग के तहत जायंट सलालम प्रतियोगिता हुई। जायंट सलालम रेस के पुरुष वर्ग में कुल 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें सेना ने तीनों पदक अपने नाम किये।
- दूसरी प्रतियोगिता अल्पाइन स्कीइंग महिला वर्ग की जायंट सलालम में हिमाचल की टीम का दबदबा रहा। इसमें तीनों मेडल हिमाचल के खिलाड़ियों ने जीते।

नोट :

- अल्पाइन जायंट सलालम अंडर 21 महिला वर्ग की रेस में उत्तराखंड ने स्वर्ण, जम्मू-कश्मीर ने रजत और दिल्ली ने कांस्य पदक जीता। वहीं पुरुष अंडर 21 वर्ग में जम्मू-कश्मीर ने स्वर्ण, बिहार ने रजत और हिमाचल प्रदेश ने कांस्य पदक अपने नाम किया।
- अल्पाइन स्कीइंग के तहत सलालम और जायंट सलालम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें सीनियर वर्ग में महिला-पुरुष, जूनियर अंडर 21 आयु वर्ग, जूनियर अंडर 18 आयु वर्ग, सब जूनियर अंडर 16 आयु वर्ग और सब जूनियर अंडर 14 आयु वर्ग के बीच प्रतियोगिता कराई जा रही है।
- स्नोबोर्ड के तहत सीनियर वर्ग की महिला-पुरुष की सलालम और जायंट सलालम प्रतियोगिता होंगी, जबकि अंडर 19 आयु वर्ग और 17 आयु वर्ग के बीच भी मुकाबले होंगे।

## चारधाम परियोजना

### चर्चा में क्यों ?

- 9 फरवरी, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि 12,500 करोड़ रुपए की चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना इस वर्ष दिसंबर तक पूरी हो जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- लगभग 889 किमी. लंबी इस चारधाम परियोजना का उद्देश्य हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) के लिये कनेक्टिविटी में सुधार करना है, जिससे इन केंद्रों की यात्रा सुरक्षित, तेज़ और अधिक सुविधाजनक हो सके।
- उत्तराखंड राज्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढाँचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) द्वारा इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ हाईवे और लिपुलेख तक इसके हिस्से को भी दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिससे कैलाश-मानसरोवर की यात्रा सुगम हो जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के संदर्भ में पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए इसके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी, किंतु वर्ष 2021 में राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में चारधाम परियोजना में चीन की सीमा को जोड़ने वाले सामरिक महत्त्व के 3 राष्ट्रीय राजमार्गों (ऋषिकेश से माणा, ऋषिकेश से गंगोत्री और टनकपुर से पिथौरागढ़) को विकसित करने की सशर्त अनुमति दी है।

## रवि चोपड़ा समिति

### चर्चा में क्यों ?

- 11 फरवरी, 2022 को पर्यावरणविद् रवि चोपड़ा ने उत्तराखंड चारधाम सड़क चौड़ीकरण परियोजना के क्रियान्वयन की निगरानी के लिये सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

### प्रमुख बिंदु

- इस त्यागपत्र का कारण समिति की संस्तुतियों व सुझावों पर परियोजना से संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाना बताया गया है।
- गौरतलब है कि चारधाम राजमार्ग परियोजना में पर्यावरणीय पहलुओं को लेकर वर्ष 2019 मंर सुप्रीम कोर्ट ने 25 सदस्यीय इस समिति का गठन किया था।
- इस समिति ने चारधाम परियोजना में सड़कों की चौड़ाई 5.5 मीटर तक सीमित रखने की संस्तुति की थी।
- हालाँकि 14 दिसंबर, 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सामरिक महत्त्व वाले बदरीनाथ, गंगोत्री एवं पिथौरागढ़ राजमार्ग में सड़क की चौड़ाई 10 मीटर करने की अनुमति प्रदान कर दी थी।

नोट :

## नैनीताल बैंक ने किया नवीनतम बैंकिंग फिनेकल सीबीएस प्लेटफार्म का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

- उत्तराखंड के नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत ने बैंक के उच्चीकृत सीबीएस प्लेटफॉर्म 'फिनेकल 10' का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- नैनीताल बैंक ने अपने ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाओं में महत्त्वपूर्ण गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्वबर्ती सीबीएस प्लेटफॉर्म को उच्चीकृत किया है तथा नवीनतम सीबीएस प्लेटफॉर्म 'फिनेकल'पर अपने ग्राहकों को सुविधाएँ देना आरंभ कर दिया है।
- नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत ने बताया कि बैंक ने अपने डाटा सेंटर, डाटा रिकवरी सेंटर की गुणवत्ता में भी सुधार किया है, ताकि बैंक का महत्त्वपूर्ण डाटा उच्चीकृत प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रह सके।
- इस पूरे प्रोजेक्ट की परिकल्पना बैंक के वर्तमान प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत ने बैंक में अपना कार्यकाल प्रारंभ करते समय की थी।
- यह सॉफ्टवेयर कुछ ही बैंकों के पास है, इससे जहाँ बैंक के डाटा की सुविधाओं में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा, वहीं आम ग्राहकों को भी इससे सुविधाएँ मिलेंगी।
- ग्राहक अब अनेक डिजिटल उत्पादों के माध्यम से आधुनिक सुविधाएँ प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही फिनेकल प्लेटफॉर्म में अत्यंत सुरक्षित भी रहेंगे।

---

## इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में अवीक टिक्कू को गोल्ड मेडल

### चर्चा में क्यों ?

- 18 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड के हलद्वानी में स्थित दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 3 के छात्र अवीक टिक्कू ने एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में 40 अंक प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली रैंक प्राप्त की।

### प्रमुख बिंदु

- अवीक टिक्कू को पुरस्कार के रूप में 1000 रुपए, स्वर्ण पदक और प्रमाण-पत्र दिया गया। कक्षा 3 की ही मायरा साहनी ने 38 अंक के साथ क्षेत्रीय स्तर पर नौवीं तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 11वीं रैंक प्राप्त की, जिन्हें 500 रुपए, मेडल और प्रमाण- पत्र प्रदान किया गया।
- वहीं इसी कक्षा की युविका मेहरा ने 38 अंक के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 7वीं रैंक प्राप्त कर पुरस्कार के रूप में 500 रुपए, मेडल और प्रमाण-पत्र अर्जित किया।
- कक्षा 4 के आदित्य डागर ने 36 अंक के साथ क्षेत्र स्तर पर दूसरी व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 32वीं रैंक, कक्षा 9 की परिधि श्रीवास्तव ने 55 अंक प्राप्त कर क्षेत्र स्तर पर पाँचवी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 40वीं रैंक प्राप्त की।

---

## नैनीताल चिड़ियाघर में बनाया गया इंटरप्रिटेशन सेंटर

### चर्चा में क्यों ?

- 18 फरवरी, 2022 को नैनीताल वन प्रभाग द्वारा चिड़ियाघर में 35 लाख रुपए की लागत से 60 सीटर इंटरप्रिटेशन सेंटर (मिनी थियेटर) शुभारम्भ किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इसके माध्यम से वन विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों समेत प्रशिक्षुओं को वन्य जीव-जंतुओं के जीवन, जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं से बचने समेत विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों की डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाकर दिखाई जाएगी।

नोट :

- डीएफओ टीआर बीजूलाल ने बताया कि अमेरिका समेत विभिन्न देशों में भी इंटरप्रिटेशन सेंटर पद्धति के माध्यम से विभिन्न जानकारियाँ व प्रशिक्षण दिया जाता है।
- इंटरप्रिटेशन सेंटर स्थापित करने के लिये नैनीताल वन प्रभाग को राज्य योजना के तहत 35 लाख रुपए की धनराशि दी गई थी।
- यहाँ पर अब वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को विभाग द्वारा किये गए कार्यों को समझने और करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## आयुष्मान योजना

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में उत्तराखंड में आयुष्मान योजना के तहत इलाज की व्यवस्था में सरकार ने बदलाव करते हुए यह अनिवार्य कर दिया है कि अब मरीजों को सरकारी अस्पतालों से रेफर करने के बाद ही सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिल पाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने कोरोना काल में सीधे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती होने की छूट दी थी लेकिन अब कोरोना संक्रमण के कम होते ही इस छूट को खत्म कर दिया गया है।
- स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा पाँच लाख रुपये के निशुल्क इलाज वाली आयुष्मान योजना के लिये तो रेफरल अनिवार्य कर दिया गया है लेकिन सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिये चलाई जा रही केशलेस राज्य स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज के लिये रेफरल अनिवार्य नहीं है अर्थात मरीज सीधे सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिये जा सकेंगे।
- हालाँकि राज्य के एनएबीएच मान्यता प्राप्त प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को सीधे ही इलाज की सुविधा मिल जाएगी।
- विदित है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है।
- इसके तहत प्रत्येक लाभार्थी परिवार को सार्वजनिक व निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य उपचार के लिये प्रति वर्ष 5,00,000 रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने और बाद के खर्च (जैसे चिकित्सीय जाँच तथा दवाओं) को भी शामिल किया गया है।

## 10वाँ गंगा क्याक महोत्सव 2022

### चर्चा में क्यों ?

- 19 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड स्थित लक्ष्मणझूला-नीलकंठ मार्ग पर हेंवल और गंगा नदी के संगम पर स्थित फूलचटी में गंगा के गोल्फ कोर्स रैपिड में तीन दिवसीय 10वें गंगा क्याक महोत्सव, 2022 का समापन हुआ।

### प्रमुख बिंदु

- इसका आयोजन द एडवेंचर स्पोर्ट्स सोसायटी और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से किया गया।
- पहले दिन क्याक स्प्रिंट स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया, जिसमें 53 क्याकर्स ने प्रतिभाग किया।
- इस महोत्सव में स्प्रिंट, प्रोफेशनल सलालम, मास बोटर, क्रास व बोटर क्रास स्पर्धाएँ आयोजित की गईं।
- एडवेंचर स्पोर्ट्स सोसायटी के अध्यक्ष भीम सिंह चौहान ने बताया कि पुरुष वर्ग में भारत के दमन सिंह (2 मिनट 31 सेकेंड 91 माइक्रोसेकेंड) प्रतियोगिता के विजेता रहे।
- भारत के अमित थापा (2 मिनट 33 सेकेंड 38 माइक्रोसेकेंड) को प्रतियोगिता में दूसरा और सोहन राणा को (2 मिनट 35 सेकेंड 61 माइक्रोसेकेंड) तीसरा स्थान मिला।
- वहीं महिला वर्ग में भारत की प्रियंका राणा (3 मिनट 40 सेकेंड 61 माइक्रोसेकेंड) ने बाजी मारी, जबकि ऑस्ट्रेलिया की सीयून हांग (3 मिनट 46 सेकेंड 16 माइक्रोसेकेंड) दूसरे और भारत की निधि भारद्वाज (3 मिनट 56 सेकेंड 15 माइक्रोसेकेंड) तीसरे स्थान पर रहीं।

## इंडिया ट्रैवल मार्ट में उत्तराखंड अव्वल

### चर्चा में क्यों ?

- 19 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से आयोजित तीनदिवसीय इंडिया ट्रैवल मार्ट (आईटीएम) का समापन हुआ। इस मार्ट में उत्तराखंड को होम स्टे और पर्यटन निवेश प्रोत्साहन में सर्वश्रेष्ठ स्टाल पुरस्कार मिला।

### प्रमुख बिंदु

- समापन पर उत्तराखंड पर्यटन को होम स्टे, साहसिक और पर्यटन निवेश प्रोत्साहन में उत्तराखंड व धोलावीरा (विश्व यूनेस्को विरासत स्थल) और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को बढ़ावा देने के लिये गुजरात को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार से नवाजा गया।
- उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के उपनिदेशक योगेंद्र कुमार गंगवार ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन के लिये पहले से तय गंतव्य को विकसित करने पर लगातार काम किया जा रहा है। पर्यटकों के लिये यात्रा को और अधिक मनोरंजक व परेशानी मुक्त बनाना है।
- आईटीएम ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजय गुप्ता ने कहा कि इंडिया ट्रेवल मार्ट के माध्यम से उत्तराखंड और पैन इंडिया के ट्रैवल एजेंटों एवं टूर ऑपरेटरों के साथ पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिये नेटवर्किंग का अवसर प्रदान किया है। मार्ट में वन्य जीव पर्यटन, विरासत पर्यटन, एडवेंचर और ईको टूरिज़्म, धार्मिक और तीर्थाटन, समुद्र तट, व्यंजन, मेला और त्योहारों के बारे में जानकारी दी गई।

---

## एक प्रदेश, एक संपत्ति कर निर्धारण प्रणाली

### चर्चा में क्यों ?

- उत्तराखंड शहरी विकास निदेशालय के अपर निदेशक अशोक कुमार पांडेय केअनुसार, पूरे राज्य में प्रॉपर्टी टैक्स की एक समान कर निर्धारण प्रणाली लागू करने के लिये शहरों की जीआईएस (GIS) मैपिंग की जा रही है।

### प्रमुख बिंदु

- पहले चरण में उत्तराखंड के 14 शहरों को शामिल किया गया है, जिसमें से 4 शहरों- देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी और रुद्रपुर की जीआईएस मैपिंग अंतिम चरण में है।
- दूसरे चरण में सभी नगर पंचायतों में हाउस टैक्स के लिये सर्वे किया जाएगा।
- इस योजना के तहत नगर निकाय क्षेत्र का जीआईएस मैंपिंग कर सभी आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों की जियो रैंकिंग की जाएगी तथा सभी भवनों को एक यूनिक आईडी नंबर युक्त स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा।
- इस आईडी में भवन की फोटो, आकार, कवर एरिया, मकान मालिक का नाम, मकान का नंबर सहित सभी विवरण दर्ज होंगे।

---

## हरिद्वार में पंचायत चुनाव पर वैधानिक संकट

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में हरिद्वार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर वैधानिक संकट खड़ा हो गया है। पंचायतीराज एक्ट में संशोधन के बाद प्रशासकों का कार्यकाल छह माह और बढ़ाने के बाद भी वहाँ चुनाव की स्थिति नहीं बन पा रही है। राज्य गठन के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ऐसी स्थिति पहली बार बनी है।

### प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में हरिद्वार ऐसा ज़िला है, जहाँ त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव अन्य ज़िलों के साथ नहीं हो पाते। राज्य गठन के बाद से ही यह क्रम बना हुआ है।
- यहाँ पंचायतों का गठन अन्य ज़िलों से सालभर बाद होता है। इसी के चलते अक्टूबर 2019 में हुए पंचायत चुनावों में हरिद्वार में चुनाव नहीं हो पाए थे। हरिद्वार में पिछले पंचायत चुनाव वर्ष 2015 के आखिर में हुए थे। तब वहाँ 29 मार्च, 2016 को ग्राम पंचायतों, 16 मई को ज़िला पंचायत और 10 जून को क्षेत्र पंचायतों की पहली बैठक हुई थी। पहली बैठक के साथ ही पंचायतों का पाँच साल का कार्यकाल शुरू होता है, जो पिछले वर्ष खत्म हुआ।

नोट :

- उत्तराखंड पंचायतीराज एक्ट, 2016 के अनुसार पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने से 15 दिन पहले तक चुनाव न होने की स्थिति में उन्हें छह माह तक प्रशासकों के हवाले किया जा सकता है। इस क्रम में मार्च से हरिद्वार ज़िले में त्रिस्तरीय पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किये गए। इस अवधि के भीतर भी चुनाव न हो पाने पर सरकार ने पंचायतीराज एक्ट में संशोधन कर प्रशासकों का कार्यकाल छह माह और आगे बढ़ाया।
- हरिद्वार की 306 ग्राम पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल आगामी 29 मार्च को खत्म हो जाएगा। इस अवधि में भी चुनाव की स्थिति नहीं बन पा रही है, जिससे वैधानिक संकट खड़ा हो गया है। यद्यपि, विधानसभा चुनाव के लिये मतदान संपन्न होने के बाद शासन ने हरिद्वार में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के मद्देनज़र चुनाव आयोग से अनुमति मांगी थी, लेकिन वह उसे नहीं मिल पाई।
- राज्य के पंचायतीराज सचिव नितेश झा ने कहा कि हरिद्वार ज़िले में पंचायत चुनाव न होने से वैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस सिलसिले में महाधिवक्ता और न्याय विभाग से राय ली जा रही है।

## हरिद्वार में गंगा नदी पर बनेगा उत्तराखंड का सबसे लंबा पुल

### चर्चा में क्यों?

- 23 फरवरी, 2022 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने गंगा नदी पर बनने वाले राज्य के सबसे लंबे पुल को स्वीकृति दे दी।

### प्रमुख बिंदु

- एनएचएआई के अभियंता कपिल जोशी ने बताया कि गंगा नदी पर 3.5 किमी लंबा (एप्रोच समेत) पुल बनेगा। हरिद्वार-दिल्ली हाइवे को नजीबाबाद-हरिद्वार से जोड़ने के लिये यह पुल बनाया जाएगा। यह पुल राज्य का सबसे लंबा पुल होगा।
- पुल को मेजर ब्रिज नाम दिया गया है। एप्रोच छोड़कर पुल की लंबाई 2.561 किमी होगी। यह पुल उत्तराखंड में सबसे लंबा वाहनों की आवाजाही वाला होगा।
- रिंग रोड दो चरणों में तैयार होना है। रिंग रोड का पहला चरण बहादराबाद बाईपास से शुरू होगा और श्यामपुर थाना क्षेत्र के अंजनी चौकी एनएच 74 पर खत्म होगा। इससे हरिद्वार-दिल्ली हाईवे के वाहन सीधे नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे के लिये आवाजाही कर पाएंगे। इनका निर्माण और आवंटन एनएचएआई करेगी।
- रिंग रोड के पहले चरण में 15 किमी 300 मीटर लंबे फोरलेन निर्माण के लिये रेल मंत्रालय के उपक्रम इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड का चयन हुआ है। रिंग रोड के पहले चरण का बजट 1566 करोड़ रुपए था। बजट में कटौती होकर अब 1100 करोड़ रुपए है।

## वसंतोत्सव, 2022

### चर्चा में क्यों?

- 25 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 8 और 9 मार्च, 2022 को वसंतोत्संव, 2022 के आयोजन का निर्णय लिया गया।

### प्रमुख बिंदु

- वसंतोत्सव का आयोजन प्रत्येक वर्ष उत्तराखंड राजभवन में किया जाता है जिसकी शुरुआत इस वर्ष उत्तराखंड के लोकपर्व फूलदेई से की जाएगी।
- इसमें आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य थीम फूलों की होली रहेगी।
- उत्सव के दौरान मशरूम, शहद उत्पादन, जड़ी-बूटी, जैविक खेती आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पाँच ब्रांड अंबेसडर को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही डाक विभाग के सौजन्य से मां यमुना के मंदिर में अर्पित की जाने वाली यमुना तुलसी (कुंज) पर स्पेशल पोस्टल कवर जारी किया जाएगा।
- वसंत उत्सव में 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के सभी स्कूली बच्चों के लिये पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न अनाथालयों में रहने वाले बच्चों, दिव्यांग बच्चों तथा रैग पिकर्स बच्चों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिये 21 पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

नोट :